Department of Hindi
Distance Education Programme
P.G.Diploma in Functional Hindi

Subject Title for Project Work
DFH 204

निर्देश :-

यह प्रश्न-पत्र 100 अंकों का होगा और इसे तीन प्रतियों में जमा करना होगा। इस कार्य हेतु निर्धारित समयावधि एक माह है। विद्यार्थियों को अधोलिखित किन्हीं दो विषयों में से किसी एक पर लगभग 50 पृष्ठों में लघु शोध-प्रबंध प्रस्तुत करना है।

1. भारतीय संविधान में राजभाषा हिंदी का अनुशीलन।

2. पारिभाषिक शब्दावली के परिप्रेक्ष्य में वैज्ञानिक एवं तकनीकी आयोग का अवदान।

विषय संबंधी निर्देश :-

1. भारतीय संविधान में राजभाषा हिंदी का अनुशीलन विषय के अंतर्गत मुख्यत: चार अध्याय हो सकते हैं- पहला हिंदी भाषा का उद्भव विकास, दूसरा भारतीय संविधान में राजभाषा हिंदी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और राजभाषा संबंधी प्रावधान, तीसरा राजभाषा हिंदी के विकास से जुड़ी संस्थाओं का योगदान और चौथा वर्तमान समय में राजभाषा हिंदी की उपयोगिता। इन चारों अध्यायों के अलावा भूमिका और उपसंहार भी होंगे। इस विषय से संबंधित सामग्री दूरस्थ शिक्षा केंद्र, तेजपुर द्वारा प्रदत्त अध्ययन सामग्री DFH 102 में और उसमें निर्देशित उपयोगी पुस्तकों में उपलब्ध हैं।

2. पारिभाषिक शब्दावली के परिप्रेक्ष्य में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग का अवदान विषय के अंतर्गत मुख्यत: चार अध्याय हो सकते हैं- पहला पारिभाषिक शब्दावली का स्वरूप एवं इतिहास, दूसरा पारिभाषिक शब्दावली निर्माण संबंधी मत एवं सिद्धांत, तीसरा पारिभाषिक शब्दावली की वर्तमान स्थिति एवं एकरूपता की समस्या, तथा चौथा पारिभाषिक शब्दावली के विकास में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग का योगदान। इन चारों अध्यायों के अलावा भूमिका एवं उपसंहार भी होंगे। इस विषय से संबंधित सामग्री दूरस्थ शिक्षा केंद्र, तेजपुर द्वारा प्रदत्त अध्ययन सामग्री DFH 201 में तथा उसमें निर्देशित उपयोगी पुस्तकों में उपलब्ध है।